हंसराज महाविद्यालय

दिल्ली विश्व विद्यालय
महात्मा हंसराज मार्ग
मलकागंज, दिल्ली-110007
दूरूभाष: 011-27667458, 27667747
ई-मेल : principal_hrc@yahoo.com
वेबसाइट : www.hansrajcollege.ac.in

HANSRAJ COLLEGE

UNIVERSITY OF DELHI
Mahatma Hansraj Marg
Malkaganj, Delhi – 110007
Tel.: 011-27667458, 27667747
E-mail: principal_hrc@yahoo.com
Website: www.hansrajcollege.ac.in

NAAC ACCREDITED 'A++' GRADE COLLEGE

2024-25

प्रेस विज्ञप्ति

विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम का हंसराज कॉलेज में हुआ आयोजन

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया युवाओं से संवाद

युवा अपने विचारों और सुझावों को साझा करें और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। युवाओं से इस आशय की अपील दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य वक्ता केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने की।

हंसराज कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी एवं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित युवा कनेक्ट के तहत हंसराज कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत अभियान के विभिन्न पक्षों और सरकार के रोड मैप को युवाओं के बीच रखा तथा पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचान के लिए युवाओं से भी इसमें शामिल होने का आग्रह किया। विकसित भारत अभियान का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दृष्टिकोण आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करता है।

विकसित भारत की दिशा में बढ़ते कदम

मंत्री किरेन रिजिजू ने युवाओं के समक्ष एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के साथ विकसित भारत के विविध आयामों और उस दिशा में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अभियान तभी सफल होगा जब देश का हर नागरिक खासकर युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा इस उद्देश्य में हाथ बटाएगी।

सरकार के रोड मैप को किया साक्षा

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने सरकार के रोड मैप को भी साझा किया, जिसमें विकसित भारत के लिए आवश्यक कदमों की रूपरेखा शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की भागीदारी और सहयोग से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह संकल्प पीएम ने पहली बार सरकार गठन के समय ही ले लिया था।

हंसराज महाविद्यालय

दिल्ली विश्व विद्यालय
महात्मा हंसराज मार्ग
मलकागंज, दिल्ली-110007
दूरूभाष: 011-27667458, 27667747
ई-मेल : principal_hrc@yahoo.com
वेबसाइट : www.hansrajcollege.ac.in

HANSRAJ COLLEGE

UNIVERSITY OF DELHI
Mahatma Hansraj Marg
Malkaganj, Delhi – 110007
Tel.: 011-27667458, 27667747
E-mail: principal_hrc@yahoo.com
Website: www.hansrajcollege.ac.in

NAAC ACCREDITED ‘A++’ GRADE COLLEGE

2024-25

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मौके पर ‘एक भारत और श्रेष्ठ भारत’ पर भी जोर दिया। उन्होंने देश की एकता पर विशेष बल दिया। इसके अलावा ‘वन नेशन-वन इलेक्शन’ पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश को विकसित करने और सुशासन की दृष्टि से एक बड़ा कदम सिद्ध हो सकता है। इस मौके पर उन्होंने खेलो इंडिया और पीएम की फिट इंडिया मूवमेंट की भी चर्चा की। साथ ही देश में हर वर्ग के लिए चल रहे प्रमुख सरकारी स्कीमों को भी सामने रखा।

केंद्रीय मंत्री ने युवाओं के प्रश्नों के दिए उत्तर

अपने वक्तव्य के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने युवाओं से प्रश्न भी आमंत्रित किए जिसमें विकसित भारत कार्यक्रम, विकास की दिशा, पर्यावरण समबन्धी प्रश्न, भाषा से जुड़े पक्षों आदि पर अनेक रोचक प्रश्नों के उन्होंने उत्तर दिए।

तय समय से पहले लक्ष्य पूरा होने की आशा

इससे पहले कार्यक्रम के प्रारम्भ में हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि देश जिस तेज गति से आगे बढ़ रहा है विकसित भारत का लक्ष्य हम तय समय से पहले ही प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने इस सम्बन्ध में हंसराज कॉलेज की विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को भी सामने रखा. कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय कुमार मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मंजीत सिंह सागी ने किया